# गंगरार में लोक अदालत के आयोजन को लेकर मेवाड़ युनिवर्सिटी के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली




**दास्ताने भीलवाड़ा @ गंगरार**

लोगों को सुलभ न्याय दिलाने के प्रयास के तहत राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के निर्देशानुसार 14 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आम जनों में जागरूकता लाने के लिये मेवाड़ युनिवर्सिटी गंगरार के छात्रों द्वारा पैदल रैली का आयोजन किया गया । रैली स्टेशन चोराहे से प्रारम्भ हुई जो अम्बेडकर सर्कल से पुलिस थाने के सामने पहुँची ओर थाने के सामने लोक अदालत से संबंधित लघु नाटिका का मंचन किया। रैली में छात्रों ने राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित फ्लैक्स से लोक अदालत का महत्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया तथा छात्रों ने लोक अदालत के संबंधीत नारे लगाये गए।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय ने आयोजित की लोक अदालत जागरूकता रैली

**जयपुर मिड-डे टाईम्स**

चित्तौड़गढ़/गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के सहयोग से गंगरार तहसील में लोक अदालत जागरूकता रैली निकाली। मेवाड़ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विधि विभाग के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस जागरूकता रैली में भाग लिया।



यह रैली राष्ट्रीय राजमार्ग गंगरार से होते हुए तहसील परिसर तक पहुँची। जहाँ नागरिकों में महिलाओं के विधिक अधिकारों और उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। रैली के दौरान नागरिकों को आगामी 14 मई, 2022 को आयोजित होने वाले लोक अदालत की महत्ता तथा उसके लाभ के बारे में बताया गया। नागरिकों ने भी इस रैली में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने स्थानीय न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण भी किया। इस दौरान न्यायालय की प्रक्रियाओं के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को विधिवत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, ताल्लुका सचिव संजीव वर्मा, पैरा लीगल वालंटियर चेतन पुरोहित का भी सहयोग रहा। यह जागरूकता अभियान विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अजीत सिंह के निर्देशन में चलाया गया जिसमें विधि विभाग के विभागाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी, लवीना चपलोत, गीतांजली शर्मा के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. ज्योति सिंह राघव, कार्यक्रम अधिकारी अनुभव राठौड़, मो. जूल्फकार अली की भी उपस्थिति रही। इस जागरूकता अभियान के दौरान महिला अधिकार सम्बन्धी नाट्य मंचन में फरहीन मासूम, भावनी भव्या, भार्गवी रेड्डी, प्रिया कुमारी, अरूण कुमार, निहाल ने अभिनय में भाग लिया, तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय ने आयोजित की लोक अदालत जागरूकता रैली

**चित्तौड़गढ़/गंगरार(अमित कुमार चेचानी)।** मेवाड़ विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ के सहयोग से गंगरार तहसील में लोक अदालत जागरूकता रैली निकाली। मेवाड़ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विधि विभाग के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस जागरूकता रैली में भाग लिया। यह रैली राष्ट्रीय राजमार्ग गंगरार से होते हुए तहसील परिसर तक पहुँची। जहाँ नागरिकों में महिलाओं के विधिक अधिकारों और उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। रैली के दौरान नागरिकों को आगामी 14 मई, 2022 को आयोजित होने वाले लोक अदालत की महत्ता तथा उसके लाभ के बारे में बताया गया। नागरिकों ने भी इस रैली में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही विद्यार्थियों ने स्थानीय न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण भी किया। इस दौरान न्यायालय की प्रक्रियाओं के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को विधिवत जानकारी प्रदान की गई। जिसमें न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, ताल्लुका सचिव संजीव वर्मा, पैरा लीगल वालंटियर चेतन पुरोहित का भी सहयोग रहा। यह जागरूकता अभियान विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अजीत सिंह के निर्देशन में चलाया गया जिसमें विधि विभाग के विभागाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी, लवीना चपलोत, गीतांजली शर्मा के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. ज्योति सिंह राघव, कार्यक्रम अधिकारी अनुभव राठौड़, मो. जूल्फकार अली की भी उपस्थिति रही। इस जागरूकता अभियान के दौरान महिला अधिकार सम्बन्धी नाट्य मंचन में फरहीन मासूम, भावनी भव्या, भार्गवी रेड्डी, प्रिया कुमारी, अरूण कुमार, निहाल ने अभिनय में भाग लिया, तथा अन्य छात्र-छात्राओं ने सहयोग प्रदान किया।